अंतरराष्ट्रीय छात्रों के पास किराए पर आवास लेने के अधिकार होते हैं

इस तथ्य-पत्रक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए किराए पर आवास लेने के बारे में सूचना और सुझाव हैं। विस्तृत जानकारी के लिए consumer.vic.gov.au/internationalstudents पर जाएँ।

लीज़ आरंभ और समाप्त करना

- जब आप एक लीज़ पर हस्ताक्षर करते/करती हैं, तो आप आरंभ तिथि से लेकर समाप्ति तिथि तक किराया देने और लीज़ में दिए गए सभी नियमों का पालन करने के लिए सहमति देते/देती हैं।
- लीज़ पर केवल तभी हस्ताक्षर करें जब आप इसे समझ लें। यदि आप ऐसा नहीं करते/करती हैं, तो ऐसे किसी व्यक्ति से इसे समझाने के लिए कहें जिसपर आप भरोसा करते/करती हैं।
- यदि आप लीज़ के समाप्त होने से पहले आवास छोड़ना चाहते/चाहती हैं, तो अपने मकान-मालिक/एजेंट के साथ इस बारे में चर्चा करें - अगर वह लीज़ को जल्दी समाप्त करने के लिए सहमति न दे, तो आपको अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। यदि आप लीज़ के समाप्त होने पर छोड़कर जा रहे/रही हैं, तो आपको अपने मकान मालिक/एजेंट को एक महीने पहले ही लिखित में बता देना चाहिए कि आप छोड़ कर जा रहे/रही हैं।
- आपको बिलों और अंतिम किराए का भुगतान करना होगा, घर को साफ करना होगा, और छोड़ कर जाते समय अपने साथ अपनी सारी चीजें ले जानी होंगी। भाप से कालीन केवल तभी साफ करें अगर आपकी लीज़ में ऐसा कहा गया हो।

बांड

- आपका मकान-मालिक आपको बांड का भुगतान करने के लिए कह सकता है - यह लीज़ के लिए एक सुरक्षा धनराशि होती है।
- आवासीय किराएदारी बांड प्राधिकरण (आरटीबीए) [Residential Tenancies Bond Authority (RTBA)] आपकी लीज़ के समाप्त होने तक आपके बांड को अपने पास रखेगा।
- यदि आपका किराया $350 प्रति सप्ताह से कम है, तो आपका बांड एक महीने के किराए से अधिक नहीं हो सकता है।
- आपका मकान मालिक/एजेंट आपको एक बांड लॉजमेंट फॉर्म पर हस्ताक्षर करने के लिए कहेगा। इस पर केवल तभी हस्ताक्षर करें अगर यह सही हो। रिक्त फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें।
- अगर आप अपनी लीज़ में बताई गई सभी बातों को पूरा करते/करती हैं और आवास को अच्छी हालत में छोड़ कर जाते/जाती हैं, तो आपको अपना बांड वापस मिल जाएगा।

अवस्था रिपोर्ट

- यदि आप बांड का भुगतान करते/करती हैं, तो आपको आवास में प्रवेश करने के तीन दिनों के अंदर एक अवस्था रिपोर्ट पूरी करनी होगी। यह लीज़ पर हस्ताक्षर करते समय संपत्ति की अवस्था का एक रिकॉर्ड होता है।
- अवस्था रिपोर्ट को ध्यान से पढ़ें और इस बात की जाँच करें कि यह सही है या नहीं। अगर इसमें कुछ गलत है, तो आप इसे सही कर सकते/सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि कुछ गंदा है, टूटा-फूटा हुआ है या काम नहीं कर रहा है, तो इसे लिख लें।
- अपने मकान मालिक/एजेंट को रिपोर्ट की एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि दें और एक प्रति अपने लिए रखें। हरेक कमरे की फोटो खींचें।
- जब आप आवास छोड़कर जाएँ, तो अगर कोई विवाद हो कि आप सफाई या किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार हैं या नहीं, उस स्थिति में इस रिपोर्ट का उपयोग किया जा सकता है।

मरम्मत

- अगर आप, या आपके द्वारा आवास में आमंत्रित कोई व्यक्ति नुकसान का कारण न हो, तो मकान मालिक/एजेंट को सभी मरम्मत के लिए भुगतान करना चाहिए।
- मरम्मत सामान्य या तत्काल हो सकती है। किसी भी सामान्य मरम्मत के बारे में मकान मालिक/एजेंट को पत्र लिखें - उसे 14 दिनों के अंदर इसे ठीक करना होगा। किसी भी तत्काल मरम्मत के लिए मकान मालिक/एजेंट को कॉल करें, जैसे कि गैस का रिसाव या छत से पानी टपकना - उसे तुरंत इसे ठीक करना होगा। यदि वह ऐसा नहीं करता है, तो आप इसे ठीक करने के लिए $1,800 तक का भुगतान कर सकते/सकती हैं और उसे रसीद भेज सकते/सकती हैं। उसे 14 दिनों के अंदर आपको वापिस भुगतान करना होगा।

CONSUMER AFFAIRS VICTORIA

क्या आपको और अधिक सहायता चाहिए?

पढ़ाई करने में अधिक समय और चिंता करने में कम समय लगाएँ।

और अधिक जानकारी के लिए या जब कुछ सही न हो, तो किराए पर आवास लेने के बारे में हमारे द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पढ़ें: consumer.vic.gov.au/renting
या हमें कॉल करें: 1300 55 81 81

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

अगर आपको एक दुभाषिए के माध्यम से हमारे साथ बात करने की आवश्यकता है, तो 131 450 पर कॉल करें, अपनी भाषा का अंग्रेज़ी में नाम बताएँ, और फिर दुभाषिए से 1300 55 81 81 पर कॉल करने के लिए कहें।

अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सहायता करने वाले संगठन

Study Melbourne Student Centre

599 Little Bourke Street, Melbourne

www.studymelbourne.vic.gov.au

studymelbourne@ecodev.vic.gov.au

Fair Work Australia

www.fairwork.gov.au

City of Melbourne Welcome Desk

bit.ly/Student-Welcome-Desk

Tenants Victoria

https://www.tuv.org.au

Refuge of Hope (शरणार्थियों और लैटिन अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए)

www.refugeofhope.org.au

CONSUMER AFFAIRS VICTORIA